हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शनिवार 30 मई 2026

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री



13 रासायनिक खादों से दबी मिट्टी को संजीवनी देगी हरी खाद
14 गायत्री शक्तिपीठ में पांच दिवसीय निःशुल्क ...





## खबर संक्षेप

### धीवर समाज का वार्षिक आम चुनाव 1 को

**अंडा।** ग्राम अंडा में धीवर समाज अंडा परगना का वार्षिक आम चुनाव 1 जून 2026 को सुबह 10:00 बजे आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में समाज के पदाधिकारियों द्वारा सभी स्वजातीय भाई-बहनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने की अपील की गई है। समाज के वरिष्ठजनों ने बताया कि यह वार्षिक चुनाव समाज की एकता, संगठन एवं सामाजिक गतिविधियों को मजबूत बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। चुनाव के दौरान समाज के विभिन्न पदों के लिए चयन एवं आगामी सामाजिक कार्यों को लेकर चर्चा भी की जाएगी। धीवर समाज के सदस्यों से समय पर पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया गया है।

### विहंगम योग संत समाज की आवश्यक बैठक 31 मई को

**डौंडीलोहारा।** विहंगम योग संत समाज की बैठक 31 मई को सुबह 10 बजे से आयोजित की जाएगी। बैठक में 20 कला विभूषित अनंत श्री सद्गुरु सदाफल देव महाराज की द्वितीय परंपरा आचार्य सद्गुरु स्वतंत्र देव महाराज के आगामी नगर आगमन को लेकर चर्चा की जाएगी। जानकारी के अनुसार सद्गुरु स्वतंत्र देव महाराज का बालोद जिले के डौंडीलोहारा ब्लॉक में 18, 19 एवं 20 जून को आगमन प्रस्तावित है। इसी कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने एवं आवश्यक तैयारियों को लेकर बैठक बुलाई गई है। विहंगम योग संत समाज ने ब्लॉक के सभी गुरु भाइयों एवं बहनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर चर्चा में भाग लेने की अपील की है, ताकि कार्यक्रम की बेहतर रूपरेखा तैयार की जा सके। यह बैठक सेवाराम चंदेल, उपदेशक एवं ब्लॉक संयोजक के मार्गदर्शन में आयोजित की जाएगी।

### रेंगाडबरी में 2 जून को लगेगा सुशासन तिहार शिविर

**बालोद।** राज्य शासन द्वारा जन शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने तथा आम जनता को सुगम, पारदर्शी एवं त्वरित सेवाओं का उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के रेंगाडबरी में 02 जून को सुबह 10 बजे से दोपहर 03 बजे तक जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। रेंगाडबरी में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में ग्राम भीमपुरी, खैरकट्टा, चिलमगोटा, रेंगाडबरी, भीमाटोला, जुन्नापानी, मंगचुवा, तुरमुड़ा, करूतटोला, दल्ली कु, बंजारी, अरजपुरी, भंवरमरा, तुमडीकसा, बगईकोन्हा, मडियाकट्टा, खोलझर और पिंगाल के ग्रामीण शामिल होंगे। शासकीय हायर ▸▸ शेष पेज 12 पर

# सरकारी दस्तावेज में 'मृत' घोषित बुजुर्ग को मिला नया जीवन

## हरिभूमि की खबर का असर, 10 दिन में सुधरा आधार कार्ड

खबर का असर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुसुमकसा

साहब, मैं जिंदा हूं... यह साबित करने के लिए पिछले चार महीने से दर-दर की ठोकरें खा रहे बुजुर्ग जगन्नाथ सिवना के लिए आखिरकार न्याय की सुबह आ ही गई। ऑनलाइन तकनीकी गड़बड़ी के कारण सरकारी रिकॉर्ड में मृत घोषित हो चुके जगन्नाथ का आधार कार्ड अब सुधर गया है और उनके नाम के आगे से मृत शब्द हटा दिया गया है। जैसे ही उन्हें अपने दोबारा जीवित होने की आधिकारिक जानकारी मिली, उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। बुजुर्ग जगन्नाथ सिवना अपना सुधरा हुआ आधार कार्ड लेकर सीधे हरिभूमि कार्यालय कुसुमकसा पहुंचे। उन्होंने बेहद भावुक होकर हरिभूमि समाचार पत्र का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके इस गंभीर मुद्दे को प्रमुखता से प्रकाशित किए जाने के बाद ही प्रशासन जागा और महज 10 दिनों के भीतर उनकी समस्या का समाधान हो गया। तकनीकी खामी के कारण बुजुर्ग को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा था। जब वे अपने राशन कार्ड का ई-केवाईसी कराने गए, तो पता चला कि आधार कार्ड में उन्हें मृत दर्ज कर दिया गया है। इस वजह से उनका केवाईसी नहीं हुआ और उन्हें मिलने वाला सरकारी खाद्यान्न बंद हो गया। आधार कार्ड ▸▸ शेष पेज 12 पर

### मृत दर्ज होने से बंद हो गया था राशन, पेंशन और बैंक खाता

गौरतलब है कि ग्राम पंचायत कुसुमकसा के गुंडरा टोला के रहने वाले जगन्नाथ सिवना पिछले पांच महीनों से एक अजीब और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने वाली समस्या से जूझ रहे थे।





जिंदा को मरा बता रहा है आधार का रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुसुमकसा

अपने आपको जीवित साबित करने की मजबूरी झेल रहे ग्राम पंचायत कुसुमकसा के गुंडराटोला निवासी वृद्ध जगन्नाथ सिवना ने ग्राम बेलसोंडा में आयोजित सुशासन तिहार जनसमस्या निवारण शिविर में कलेक्टर के समक्ष आवेदन देकर अपनी पीड़ा सुनाई। हालांकि शिविर स्थल पर उनकी समस्या का समाधान नहीं हो सका। जगन्नाथ ने बताया कि वे पांच माह पहले आधार कार्ड अपडेट कराने दल्लीराजहरा के चॉइस सेंटर पहुंचे थे। वहां ऑनलाइन आधार नंबर दर्ज करने पर उनके नाम के सामने "मृत" दर्ज बताया गया। इसके बाद राशन कार्ड का केवाईसी नहीं हो सका और खाद्यान्न मिलना बंद हो गया। बैंक खाते से आधार आधारित अंगूठा सत्यापन भी बंद हो गया, जिससे पेंशन की राशि पिछले पांच माह से नहीं मिल पा रही है। उन्होंने बताया कि 24 अप्रैल को ग्राम पंचायत कुसुमकसा में आयोजित सुशासन तिहार शिविर में भी आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन अब तक कोई जानकारी नहीं मिली।

■ सुशासन शिविर में भी नहीं हुआ समाधान

### मीडिया की पहल और प्रशासनिक संज्ञान से मिली राहत

बुजुर्ग की इस लाचारी और प्रशासनिक उदासीनता की खबर को जब मीडिया में प्रमुखता से उठाया गया, तब जाकर प्रशासन ने इस संवेदनशील मामले को गंभीरता से लिया। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर त्वरित कार्रवाई की गई और महज 10 दिनों के भीतर आधार कार्ड के रिकॉर्ड में सुधार कर बुजुर्ग को सरकारी दस्तावेजों में दोबारा जीवित किया गया। अब आधार कार्ड सुधरने से जगन्नाथ सिवना को उनकी रुकी हुई पेंशन, बंद राशन और बैंक खाते की सुविधाएं दोबारा मिल सकेंगी। पीड़ित बुजुर्ग और उनके परिवार ने इस त्वरित न्याय के लिए मीडिया और सजग नागरिकों का धन्यवाद ज्ञापित किया है।

गर्मी

# दल्लीराजहरा में सप्ताहभर से रोज मर रहे हैं सैकड़ों चमगादड़

### बीएसपी प्रबंधन पर लापरवाही के गंभीर आरोप, डीएफओ ने लगाई फटकार





हरिभूमि न्यूज: दल्लीराजहरा

नगर के बीएसपी एमवीटी सेंटर क्षेत्र स्थित बीएसपी प्रशिक्षण केंद्र के आसपास पिछले एक सप्ताह से बेजुबान जीवों की मौत का एक खौफनाक और दर्दनाक सिलसिला जारी है। भीषण गर्मी और गर्म हवाओं लू के थपेड़ों के बीच प्रतिदिन लगभग 350 चमगादड़ पेड़ों से गिरकर दम तोड़ रहे हैं। लगातार हो रही इन मौतों के कारण पूरे इलाके में सड़ांध, संक्रमण और भय का माहौल व्याप्त है। इस संवेदनशील मामले में भिलाई स्टील प्लांट (बीएसपी) प्रबंधन की घोर संवेदनहीनता और लापरवाह रवैया खुलकर सामने आया है, जिससे स्थानीय नागरिकों और पर्यावरण प्रेमियों में भारी आक्रोश है। ▸▸ शेष पेज 12 पर

### रोजाना ट्रॉली में भरकर ले जाए जा रहे मृत चमगादड़

स्थानीय निवासियों के अनुसार, इन विशाल पेड़ों पर पिछले कई दशकों से हजारों चमगादड़ों का बसेरा रहा है। इस वर्ष रिकॉर्ड तोड़ गर्मी और बढ़ते तापमान के बावजूद बीएसपी प्रबंधन द्वारा वन्यजीवों के संरक्षण, छाया या पानी की उपलब्धता के लिए कोई गंभीर पहल नहीं की गई। इसका नतीजा यह हुआ कि डिहाइड्रेशन और हीट स्ट्रोक के कारण चमगादड़ सामूहिक रूप से मरने लगे। स्थिति की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि नगर पालिका के सफाई कर्मचारी प्रतिदिन ट्रॉली में भरकर मृत चमगादड़ों को ठिकाने लगा रहे हैं।

### जिला वन मंडलाधिकारी पहुंचे मौके पर

लगातार हो रही मौतों की गूंज शासन-प्रशासन तक पहुंचने के बाद जिला वन मंडलाधिकारी अभिषेक अग्रवाल तत्काल दल्लीराजहरा पहुंचे और प्रभावित क्षेत्र का बारीकी से निरीक्षण किया। जमीनी हकीकत देखकर उन्होंने मौके पर मौजूद बीएसपी के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई।

### डीएफओ अभिषेक अग्रवाल ने दिए कड़े निर्देश

वन्यजीवों की सुरक्षा केवल कागजों और बैठकों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, वह धरातल पर दिखनी चाहिए। भीषण गर्मी में बड़े औद्योगिक संस्थानों की जिम्मेदारी बनती है कि वे पर्यावरण और बेजुबान जीवों के लिए पानी व सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करें। उन्होंने पेड़ों के आसपास कृत्रिम रूप से पानी के छिड़काव, सुरक्षा घेरा बनाने, नियमित निगरानी रखने और वन्यजीव विशेषज्ञों की तुरंत सहायता लेने के सख्त निर्देश दिए हैं।

### उठाए जा रहे आवश्यक कदम

चमगादड़ों की मौत को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। प्रभावित क्षेत्र में दवाओं का छिड़काव कराया जा रहा है और पशु चिकित्सा विशेषज्ञों से सलाह ली जा रही है। अत्यधिक गर्मी के कारण स्थिति चुनौतीपूर्ण है, लेकिन हमारा प्रबंधन लगातार मॉनिटरिंग कर रहा है।

- **आर.बी. गहरवार**, महाप्रबंधक, बीएसपी

# मोपेड से गांजा तस्करी कर रहा आरोपी गिरफ्तार, 12 किलो गांजे के साथ 6.25 लाख का माल जब्त



हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरूर

पुलिस थाना पुरूर द्वारा नशे के खिलाफ कार्यवाही करते हुए मादक पदार्थ गांजा 12.100 किलोग्राम कीमती 6,05,000, रूपये एवं घटना में प्रयुक्त वाहन मोपेड क्रमांक सीजी 24 के 0170 को जब्त किया गया। जिसमें ग्राम कनेरी मनेरीपारा थाना पुरूर जिला बालोद निवासी आरोपी रवि नेताम पिता नरेश नेताम 40 वर्ष को गिरफ्तार किया गया है।

मामले में 28 मई को मुखबिर से सूचना मिला एक व्यक्ति मोपेड वाहन क्रमांक सीजी 24 के 0170 में एक सफेद रंग का प्लास्टिक बोरी में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखा हुआ हैं। जो कांकेर, चारामा के रास्ते रायपुर की ओर लेकर जा रहा है कि सूचना पर एनएच 30 मार्ग ग्राम मरकाटोला कैम्प के सामने आने जाने वाले वाहनों की चेकिंग कर एमसीपी. कार्यवाही की जा रही थी, कुछ समय बाद मुखबीर के बताये अनुसार एक व्यक्ति वाहन क्रमांक सीजी 24 के 0170 आया।

जिसे हमराह स्टाफ के घेराबंदी कर पकडा गया। जिससे नाम पता पूछने पर अपना नाम ग्राम कनेरी मनेरीपारा थाना पुरूर जिला बालोद निवासी रवि नेताम पिता नरेश नेताम 40 वर्ष का रहने वाला बताया व वाहन के सामने पायदान में एक सफेद रंग के बोरी में मादक पदार्थ गांजा होना बताया। जिसकी विधिवत कार्यवाही करते हुए। आरोपी के कब्जे से 06 पैकेट खाकी रंग के टेप से लिपटा हुआ मादक पदार्थ गांजा कुल वजनी 12.100 किलोग्राम कीमती ▸▸ शेष पेज 12 पर

# डौंडी में तालाब गहरीकरण की मांग कलेक्टर से मिला एकता व्यापारी संघ



हरिभूमि न्यूज ▸▸ डौंडी

नगर पंचायत डौंडी के वार्ड 4 के चौबे बंधिया तालाब एवं वार्ड 5 के लोहागढ़ तालाब के गहरीकरण की मांग को लेकर भाजपा जिला सह कोषाध्यक्ष मनीष के नेतृत्व में एकता व्यापारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को कलेक्टर दिव्या मिश्रा से भेंट की। एकता व्यापारी संघ अध्यक्ष ओम गोलछा, मंडल उपाध्यक्ष राजेंद्र नाहर व रुपेश जैन जिला सह कोषाध्यक्ष मनीष झा के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा। बताया गया कि मिट्टी पटाव के कारण दोनों तालाब उथले हो गए हैं।

■ 400 पौधे रोपने की गति से कराया अवगत

बारिश में कम जलभराव होता है और अप्रैल में ही सूख जाते हैं, जिससे वार्डवासियों को निस्तारी में परेशानी होती है। प्रतिनिधिमंडल ने इस दौरान 400 पेड़ अभियान की प्रगति से भी कलेक्टर को अवगत कराया गया। कलेक्टर ने मांगों पर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला आरोपी युवक गिरफ्तार

**डौंडीलोहारा।** डौंडीलोहारा थाना क्षेत्र के एक ग्राम से एक बारह वर्ष की नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। घटना 28 व 29 सितंबर 2025 की है। जब आरोपी 23 वर्षीय युवक ने किसी बहाने से एक सुनसान जगह पर बुलाया और गलत काम किया। आरोपी युवक व पीड़िता दोनों ही एक ही मोहल्ले के रहने वाले हैं, जिससे उनकी जान पहचान पहले से ही थी। गलत कार्य करने के बाद आरोपी युवक ने पीड़िता को धमकी दे दी थी कि इस बात को किसी को बताने पर उसे जान से मार देगा। लड़की घबरा गई व उसने किसी को नहीं बताया। अब दो दिन पूर्व 27 मई को पीड़िता अपने बहन के साथ किसी कार्य से जा रही थी, तब पुनः आरोपी ने उसे डराया धमकाया। इसके बाद घर पर मामले का खुलासा हुआ। परिजनों ने 28 मई को आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज कराया। टी आई सुनील तिर्की ने बताया कि परिजनों के रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद आरोपी को हिरासत में लेकर आवश्यक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

■ डरा-धमकाकर 8 महीने तक दबाए रखा मामला, अब पहुंचा जेल

# वनवासी कहने पर आदिवासी कांग्रेस ने किया पुतला दहन



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

जिला आदिवासी कांग्रेस द्वारा जिला मुख्यालय में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदेश आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष जनक लाल धुरव के निर्देशानुसार जिला आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष लता कोर्राम के नेतृत्व में किया गया। प्रदर्शन के दौरान आदिवासी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हम वनवासी नहीं, आदिवासी हैं के नारे लगाते हुए भाजपा और आरएसएस पर आदिवासी समाज का अपमान करने का आरोप लगाया। जिलाध्यक्ष लता कोर्राम ने कहा कि भारत के मूल निवासी आदिवासी हैं, लेकिन भाजपा और आरएसएस द्वारा लगातार वनवासी शब्द का प्रयोग कर आदिवासी समाज की पहचान और सम्मान को ठेस पहुंचाई जा रही है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज विश्व का सबसे प्राचीन समाज है और आदिकाल से जल, जंगल और जमीन के साथ जीवन व्यतीत करता आया है।

■ भाजपा और आरएसएस पर आदिवासी समाज का अपमान करने का आरोप लगाया

उन्होंने कहा कि वनवासी शब्द उन लोगों के लिए प्रयोग किया जाता है जो कुछ समय के लिए जंगल में निवास करते हैं। उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम 14 वर्षों के वनवास पर गए थे, इसलिए उन्हें वनवासी कहा गया, जबकि आदिवासी समाज सदियों से जंगलों में निवासरत है और उनकी अपनी अलग संस्—ति, परंपरा एवं पहचान है। लता कोर्राम ने आरोप ▸▸ शेष पेज 12 पर

## कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशन में युद्ध स्तर पर काम जारी

# जिले ने धान उठाव में प्रदेश में हासिल किया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

जिला ने प्रदेश में एक बार फिर अपनी श्रेष्ठता साबित की है। बीते ढेड़ सालों में जिला ने प्रदेश सहित एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा का राष्ट्र मे सर्वश्रेष्ठ आईएएस की सूची में नाम आने के बाद अब जिला में संग्रहण केन्द्र में धान उठाव के क्षेत्र में सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर प्रदेश में अपनी श्रेष्ठता स्थापित की है।

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य के अंतर्गत संग्रहण केन्द्रों से धान उठाव में बालोद जिला पूरे राज्य में प्रथम स्थान पर है। जिला विपणन अधिकारी ने बताया कि इसके अंतर्गत बालोद जिले के जगतरा, धोबनपुरी, फुण्डाभाठा एवं मालीघोरी सहित जिले के सभी चारों धान संग्रहण केन्द्रों से धान उठाव का कार्य निरंतर जारी है। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले के सभी चारों धान संग्रहण केन्द्रों से समय पर धान का उठाव सुनिश्चित करने संबंधित विभागों के द्वारा युद्ध स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। कलेक्टर मिश्रा के निर्देशानुसार मिलर्स एवं क्रेताओं के द्वारा नियमित रूप से सभी चारों संग्रहण केन्द्रों से धान का उठाव किया जा रहा है।



### जिले में मात्र 88 हजार 979 मेट्रिक टन धान का उठाव बाकी

उल्लेखनीय है कि बालोद जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान में से कुल 02 लाख 38 हजार 152 मेट्रिक टन से अधिक धान का भण्डारण जगतरा, धोबनपुरी, फुण्डाभाठा एवं मालीघोरी सहित जिले के सभी चार संग्रहण केन्द्रों में किया गया है। जिसमें से अब तक कुल 01 लाख 49 हजार 173 मेट्रिक टन से अधिक धान का उठाव कर लिया गया है। इसके साथ ही उठाव हेतु शेष 88 हजार 979 मेट्रिक टन धान का उठाव का कार्य निरंतर जारी है।

### प्रतिदिन हो रहा 5 हजार मेट्रिक टन धान का उठाव

जिला विपणन अधिकारी ने बताया कि जिले के सभी चारों संग्रहण केन्द्रों से मिलर्स एवं क्रेताओं के द्वारा प्रतिदिन लगभग 5 हजार मेट्रिक टन धान का उठाव किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उन्होंने बताया कि जिले के सभी संग्रहण केन्द्रों में उठाव हेतु शेष रह गए बचत भण्डारित धान की उचित रखरखाव की भी समुचित व्यवस्था की गई है। इसके अंतर्गत संग्रहण केन्द्रों में शेष बचत भण्डारित धान के स्टेकों को सुरक्षित रखने के लिए अच्छी तरह से कैप कव्हर में ढककर रखा गया है। इसके साथ ही जल निकासी हेतु स्टेकों के पास नाली भी बनाया गया है। जिससे कि बारिश से स्टेको के पास जल भराव न हो। इसके अलावा धान के स्टेकों को दीमक एवं चुहे से बचाने के लिए दीमक नाशक एवं चुहा नाशक दवाईयों का भी छिड़काव किया जा रहा है।

# करहीभदर कबीर आश्रम में बाल संस्कार शिविर और कबीर स्मृति महोत्सव का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बालोद

ग्राम करहीभदर स्थित कबीर आश्रम में आयोजित तृतीय बाल संस्कार शिविर एवं सद्गुरु कबीर स्मृति महोत्सव का शुभारंभ बुधवार शाम श्रद्धा, उत्साह और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। उद्घाटन समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, समाज प्रमुख एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

■ भक्ति और संस्कारों से सराबोर हुआ वातावरण

कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन एवं कवीर वाणी के साथ हुडी आयोजन स्थल भक्ति, संस्कार और आध्यात्मिक वातावरण से सराबोर नजर आया। उपस्थित अतिथियों ने बच्चों के सवांगीण विकास, नैतिक शिक्षा एवं भारतीय संस्—ति के संरक्षण में ऐसे आयोजनों की महत्वपूर्ण भूमिका बताई। उद्घाटन समारोह में सरपंच बसंत तारम, उपसरपंच धनंजय साहू साहू समाज अध्यक्ष भानू साहू, ग्रामीण अध्यक्ष लीलाराम इड़सेना, ग्राम पटेल लिलेश्वर साहू, देवघर साहू, हेमंत अठनागर, गणेश साहू, वार्ड पंच लता यादव, दीपा साहू डॉ. युधन सरवानी, ओपी. साहू एवं ब्रहमाकुमारी बहनों की गरिमामयी उपस्थिति रही। आयोजन समिति ने जानकारी दी ▸▸ शेष पेज 12 पर





# देमार जनसमस्या शिविर में विधायक ने ग्रामीणों की सुनीं समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम देमार में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में विधायक ओंकार साहू ने क्षेत्रवासियों से आत्मीय मुलाकात कर उनकी समस्याओं एवं मांगों को गंभीरता से सुना।

इस दौरान किसानों ने भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि वर्तमान सरकार में किसानों को समय पर खाद नहीं मिल पा रही है, जिससे खेती-किसानी प्रभावित हो रही है। महिलाओं ने उज्वला योजना के बावजूद गैस सिलेंडर नहीं मिलने एवं बढ़ती महंगाई से परेशान होने की बात कही। ग्रामीणों ने यह भी शिकायत की कि अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड होने के बावजूद गरीबों का समुचित इलाज नहीं हो पा रहा है और मरीजों को निजी अस्पतालों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

शिविर में बिजली, सड़क, पेयजल, राशन वितरण, पेंशन एवं स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़ी कई समस्याएं भी सामने आईं। विधायक ओंकार साहू ने भाजपा सरकार को घेरते हुए कहा कि सरकार जनता से किए गए वादों को पूरा करने में पूरी तरह विफल साबित हुई है।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक रंजना साहू, जनपद अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव, जनपद सदस्य योगेश मार्कण्डे, भारती चन्द्रहास साहू, कीर्तन मीनपाल, बिमलेश महनपाल, देहुति साहू, रंजीत साहू, धर्मेंद्र पटेल, परमेश्वरी साहू, अमन राव, नेमिन साहू, ईश्वर साहू, परमेश्वरी साहू, शीत कुमार साहू, चित्रांश रजक, भुनेश्वर साहू, मोहन जांगड़े, तेजबती कोर्राम समेत 21 गांवों के लोग उपस्थित थे।

## सरकार जनता से किए गए वादों को पूरा करने में विफल : ओंकार



### भूपेश सरकार में समय पर मिलती थी खाद : कविता

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य कविता बाबर ने पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार की योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि भूपेश बघेल सरकार के कार्यकाल में गौठान योजना के माध्यम से ग्रामीणों एवं महिलाओं को रोजगार मिल रहा था। किसानों को समय पर खाद एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हो रही थीं, जिससे खेती-किसानी मजबूत हो रही थी। वर्तमान भाजपा सरकार में अधिकांश जनहितकारी योजनाएं ठप पड़ गई हैं और आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शिविर में प्राप्त आवेदनों के त्वरित निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए गए।

## खबर संक्षेप

### प्री-डीएलएड प्रवेश परीक्षा 04 को, नोडल अधिकारी नियुक्त

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा प्री-डीएलएड प्रवेश परीक्षा 04 जून गुरूवार को पूर्वान्ह 10 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक आयोजित की जाएगी, जिसमें जिले के 4696 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने परीक्षा के सफल संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर आस्था बोरकर को नोडल अधिकारी और व्याख्याता लक्ष्मण कावड़े को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। उक्त परीक्षा के लिए जिले में 20 परीक्षा केंद्र बनाया गया है, जिसमें शासकीय भानुप्रतापदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय कांकेर, शासकीय इंदरू केंवट कन्या कॉलेज भीरावाही अलबेलापारा कांकेर, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल सिदेसर, स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश मिडियम मॉडल कॉलेज कांकेर, कृषि महाविद्यालय एवं रिसर्च सेंटर सिंगारभाट, शासकीय नरहरदेव हायर सेकेंडरी स्कूल कांकेर, शासकीय कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल लट्टीपारा, शासकीय पंडित विष्णुप्रसाद शर्मा हायर सेकेण्डरी स्कूल गोविन्दपुर कांकेर, डाईट कांकेर और शासकीय महिला आईटीआई कांकेर को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इसी प्रकार शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल सिंगारभाट, कन्या हॉस्टल हाई स्कूल सिंगारभाट, शासकीय हाई स्कूल माकड़ी, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल आतुरगांव, शासकीय हाई स्कूल शीतलापारा कांकेर, सेंट माइकल हायर सेकेंडरी स्कूल गोविंदपुर, जेपी इंटरनेशनल स्कूल सरंगपाल कांकेर, पैराडाइज हायर सेकेण्डरी स्कूल ईमलीपारा, सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकेण्डरी स्कूल गढ़पिछवाड़ी और शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल डुमाली को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

### विशेष ग्राम सभा का आयोजन 05 जून को

**कांकेर।** ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिले के सभी ग्राम पंचायतों में 05 जून को विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने जिले सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि विशेष ग्राम सभा में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के संबंध में चर्चा कर संकल्प पारित किया जाए और साथ ही इस संबंध में सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय की अनुवादित प्रति का वाचन कर जानकारी दी जाए। विशेष ग्राम सभा ग्राम पंचायत विकास योजना 2026-27 के लिए 09 थीम अनुसार संकल्प भी पारित किया जाए। पीएआई 2.0 स्कोर कार्ड ग्राम पंचायतों में चस्पा कर उसका वाचन करने के निर्देश भी दिए गए हैं। कलेक्टर ने सभी जनपद पंचायत के सीईओ को निर्देशित करते हुए कहा है कि ग्रामसभा में लिए गए निर्णयों की अधिकतम 15 मिनट की वीडियो रिकार्डिंग कर वीडियो को ग्रामसभा निर्णय मोबाईल एप में अपलोड किया जाए। भारत सरकार पंचायती राज मंत्रालय द्वारा ग्राम सभाओं की कार्यवाही का एआई आधारित कार्यवाही विवरण तैयार करने के लिए नवीन पोर्टल सभासार बनाया गया है।

## तहसील कार्यालय में आधारभूत सुविधाओं और नोटरी सेवा की व्यवस्था पर ध्यान

# कलेक्टर ने आजीविका एवं जल संरचना परियोजनाओं का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने विकासखंड में संचालित विभिन्न विकास एवं जनहितकारी कार्यों का निरीक्षण कर उनकी प्रगति, गुणवत्ता एवं उपयोगिता का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

बेलर प्रवास के दौरान कलेक्टर श्री मिश्रा ने ग्राम फरसियां में निर्मित आजीविका डबरी तथा ग्राम गोरेगांव में लगभग 40 लाख रुपये की लागत से निर्माणाधीन आजीविका शेड का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्रामीणों एवं अधिकारियों से चर्चा कर आजीविका गतिविधियों को स्थानीय जरूरतों से जोड़ते हुए अधिकाधिक लोगों को लाभान्वित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का उद्देश्य ग्रामीणों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है, इसलिए निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं उपयोगिता सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने ग्रामीणों से विद्युत सर्विस स्टेशन तथा सौर ऊर्जा आधारित आवासों की जानकारी प्राप्त की। ग्रामीणों द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत निर्मित पानी टंकी के हैंडओवर में विलंब की जानकारी दिए जाने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र प्रक्रिया पूर्ण कर नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने मेगा फाउंडेशन द्वारा महानदी पर ग्राम समतरा, छिपली एवं नगरी क्षेत्र में बनाए जा रहे चेक डैम कार्यों का भी अवलोकन किया। उन्होंने जल संरक्षण एवं भू-जल संवर्धन की दृष्टि से इन संरचनाओं को महत्वपूर्ण बताते हुए कार्यों को तकनीकी मानकों के अनुरूप पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## चेक डैम कार्यों का किया अवलोकन



### पर्याप्त भूमि आरक्षित रखने के निर्देश

उन्होंने भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए कॉलेज, आईटीआई, सहकारी बैंक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए पर्याप्त भूमि आरक्षित रखने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। ग्रामीणों की सुविधा हेतु सामुदायिक उपयोग के लिए मैरिज हॉल निर्माण की आवश्यकता पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र ठाकुर, एसडीएम प्रीति दुर्गम सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### अधिवक्ताओं के बैठने की होगी व्यवस्था

बेलरगांव में नवनिर्मित तहसील कार्यालय का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने परिसर में सड़क, गार्डन, विद्युत व्यवस्था, पेयजल, बाउंड्री वॉल एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के प्रस्ताव तैयार कर शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। ग्रामीणों द्वारा नोटरी सुविधा उपलब्ध नहीं होने से नगरी तक चक्कर काटने की समस्या बताने पर कलेक्टर ने तहसील कार्यालय में जल्द ही नोटरी सुविधा प्रारंभ कराने तथा अधिवक्ताओं के बैठने हेतु समुचित व्यवस्था विकसित करने के निर्देश दिए।

# अब ग्रामीणों को जल निकासी की समस्या से मिलेगी राहत



■ छाती पंचायत में नाली निर्माण कार्य का हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम पंचायत छाती में जिला पंचायत विकास निधि से स्वीकृत 5.50 लाख रुपए की लागत से बनने वाले नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर जगदीश रामू रोहरा रहे। अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य धनेश्वरी साहू ने की। विशेष अतिथि भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य सुरेंद्र चंद्राकर, सरपंच श्रीमती दानेश्वरी यादव, भाजपा भोथली मंडल अध्यक्ष मिश्रीलाल पटेल, मंडल उपाध्यक्ष संतोष बल्ला चंद्राकर, जनपद सदस्य नम्रता दिली, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष राजेश चंद्राकर तथा शक्ति केंद्र संयोजक पारस साहू थे। कार्यक्रम का आयोजन उपसरपंच रमेश यादव, सचिव ओंकार साहू एवं पंचगणों के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों ने कहा कि नाली निर्माण कार्य पूर्ण होने से ग्रामीणों को जल निकासी की समस्या से राहत मिलेगी तथा गांव में स्वच्छता व्यवस्था बेहतर होगी।

# महिलाओं को बाल विवाह एवं पॉक्सो अधिनियम की दी जानकारी





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा एवं सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र ठाकुर के नेतृत्व में शुक्रवार को ग्राम रूद्री में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम छग राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत गठित सार्थक महिला संकुल स्तरीय संगठन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की परियोजना समन्वयक श्रीमती नीलम साहू ने महिलाओं को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लड़कों की विवाह आयु 21 वर्ष एवं लड़कियों की 18 वर्ष निर्धारित है। इससे कम उम्र में विवाह करना या करवाना कानूनन अपराध है, जिसमें सजा एवं जुर्माने का प्रावधान है। उन्होंने पॉक्सो अधिनियम 2012 के संबंध में भी जानकारी देते हुए बताया कि यह कानून 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को यौन अपराधों से संरक्षण प्रदान करता है तथा गंभीर मामलों में कठोर दंड का प्रावधान है।

कार्यक्रम में महिलाओं को चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 एवं डायल 112 के तहत उपलब्ध पुलिस, महिला हेल्पलाइन, एंबुलेंस एवं अन्य आपात सेवाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर चाइल्ड हेल्पलाइन सुपरवाइजर तुलेश्वर साहू, बिहान के पीआरपी मोहन यादव सहित ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं।

# मराठापारा में योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा को दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा के आकस्मिक निधन पर स्थानीय मराठापारा निवासियों ने शोक सभा आयोजित कर अश्रुपूरित श्रद्धांजलि दी। शोक सभा में स्व. रूपनारायण सिन्हा के कार्यो को याद करते हुए बताया गया कि स्व. सिन्हा एवं उनका परिवार कुछ समय तक के लिए मराठापारा स्थित स्व. चमन कौशिक के घर में निवासरत थे। उनकी शिक्षा-दिक्षा मराठापारा में निवासरत ही हुई साथ ही संघ के कार्यो के प्रचार-प्रसार की शुरूआत उन्होंने यही से की।

दो मिनट की मौन श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ऋषिकांत सिन्हा, शिवाजी राव भोसले, निलेश राजा, संजय कौशिक, नोहर देवांगन, राजकुमार, अनुपराव, मुकेश कौशिक, राकेश निर्मलकर, मोनू पेंदरिया, दीपक ध्रुव, अरूण ढीमर, देवीलाल ध्रुव, रूपेश कौशिक, संदीप कौशिक, गौरव कौशिक, मनीष सेन, चंद्रिका कौशिक, इंदुबाई, बबीता कौशिक, पुष्पा कौशिक, चेतना कौशिक, देवश्री बाई, कुमारी कौशिक, हेमा कौशिक, वर्षा सेन, सुखबती यादव, लक्ष्मी ढीमर, राधिका कौशिक, कांति बाई, मन्जू कौशिक, सुरेश कौशिक, दीपक, वैभव, रामकली सेन आदि ने उनके मिलनसार व्यक्तित्व की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे हमेशा दूसरों के सुख-दुख में सहभागी बने रहे और मराठापारा से जाने के बाद भी वे मराठापारा के निवासियों के साथ जीवनभर संपर्क में रहे साथ ही उनके किए कार्यो को याद किया।

## पेज 11 के शेष

### सरकारी दस्तावेज में ...

ब्लॉक होने और अंगूठे का निशान (बायोमेट्रिक) न लेने के कारण बैंक खाते से राशि आहरण की प्रक्रिया पूरी तरह बंद हो गई थी। बुजुर्ग को पिछले पांच महीने से मिलने वाली सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि भी मिलनी बंद हो गई थी। एक जीता-जागता इंसान सरकारी तंत्र की लापरवाही और तकनीकी खराबी के कारण कागजों पर मुर्दा बन चुका था और खुद को जिंदा साबित करने के लिए दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर था।

### दल्लीराजहरा ...

**पर्यावरण प्रेमियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं में भारी उबाल:** वन्यजीव विशेषज्ञों का कहना है कि चमगादड़ पर्यावरण संतुलन बनाए रखने, कीट नियंत्रण और परागण में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इतनी बड़ी संख्या में इनकी मौत प्रकृति के लिए खतरे की घंटी है। क्षेत्र के जागरूक नागरिकों ने प्रबंधन को आड़े हाथों लिया है। रमेश नेताम ने कहा बीएसपी प्रबंधन हमेशा पर्यावरण के मुद्दों पर गैर-जिम्मेदार रहा है। देवेंद्र साहू ने कहा यह केवल प्राकृतिक आपदा नहीं, बल्कि पूरी तरह से मानवीय लापरवाही का नतीजा है। कमलेश यादव ने का प्रबंधन को केवल अपने औद्योगिक उत्पादन और मुनाफे की चिंता है। जीव-जंतुओं की सुरक्षा उनकी प्राथमिकता में कभी रही ही नहीं। जितेन्द्र वर्मा ने कहा अगर अगले दो दिनों के भीतर व्यापक इंतजाम नहीं किए गए, तो स्थिति नियंत्रण से बाहर हो जाएगी।

### मोपेड से गांजा तस्करी ...

6,05,000 रूपये व घटना में प्रयुक्त वाहन सीजी 24 के 0170 पुरानी इस्तमाली कीमती 20,000 रूपये जुमला कीमती 6,25,000 रूपये को जप्त कर आरोपी के विरूध्द धारा 20(ख) एनडीपीएस तहत अपराध कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया तथा आरोपी को न्यायालय से न्यायिक रिमाण्ड पर जेल दाखिल किया गया।

### करहीभदर कबीर ...

कि 29 मई से शिविर के विधिवत सत्र प्रारंभ हुए। शिविर में बच्चों को नैतिक शिक्षा, आध्यात्मिक जान, व्यक्तित्व विकास, सांस्कृतिक गतिविधियां एवं भारतीय संस्कारों से जोड़ने हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आयोजन को लेकर ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। समिति ने अधिक से अधिक लोगों से कार्यक्रम में शामिल होकर बच्चों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

### रेंगाडबरी में 2 जून को ....

सेकण्डरी स्कूल रेंगाडबरी में आयोजित शिविर के सफल संचालन हेतु कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग पूर्णिमा चन्द्राकर को नोडल अधिकारी एवं जनपद पंचायत डौण्डीलोहारा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पंकज देव और वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी कुंजीलाल कोठारी को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### वनवासी कहने पर ....

लगाया कि केंद्र सरकार और भाजपा आदिवासियों के जल, जंगल और जमीन को खत्म करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज भगवान बिरसा मुंडा, शहीद वीर नारायण सिंह और शहीद गेंद सिंह जैसे महान योद्धाओं का वंशज है, जिन्होंने अन्याय और शोषण के खिलाफ संघर्ष किया। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि आदिवासी समाज का अपमान बंद किया जाए, अन्यथा पूरे देश में इसका विरोध और तेज किया जाएगा। इस विरोध प्रदर्शन में जिला आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष लता कोर्राम, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी, नरेंद्र सिन्हा, अमृता नेताम, भूपेश सहारे, मुरलीधर भुआर्य, राजकुमार प्रभाकर, राकेश उइके, ललित कंवरे, कमलेश श्रीवास्तव, धर्मेंद्र टामटेके, अंचल साहू, धीरज उपाध्याय, वैभव साहू, सुमित शर्मा, साजन पटेल, संतोष चौधरी, चंद्रकांत राणा, पाल सिंह भुआर्य, रोहित सागर, शैलेन्द्र ठाकुर, देवेंद्र साहू सुनील मंडावी, लोकेश साहू, तामेश कुमार सहित बड़ी संख्या में आदिवासी समाज एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अंचल की खबरें

### मां कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट ने शरबत का किया वितरण



**धमतरी।** पुरुषोत्तम माह गंगा दशहरा के अवसर पर मां कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट द्वारा श्रीमती कमलेश गुप्ता जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में दुलारी नगर रुद्री रोड में राहगीरों को शरबत का वितरण किया गया। मौके पर श्रीमती बसंती शर्मा उपाध्यक्ष, सुनीति ध्रुव, पूनम तिवारी, सरोज तिवारी, वृंदावन गुप्ता समेत अन्य उपस्थित थे। ट्रस्टी अध्यक्ष संकर्षण शरण ने इस कार्य की प्रशंसा की।

### गर्मी में राहत पहुंचाते एनजीओ आमदी के नवयुवक




**आमदी(धमतरी)।** गर्मी को ध्यान में रखते हुए भोर वेलफेयर फाउंडेशन आमदी सोसायटी (एनजीओ) के द्वारा बहुत सुंदर पहल की गई। भीषण गर्मी के मौसम में भोर एनजीओ आमदी द्वारा राहगीरों एवं आम नागरिकों को शरबत और ठंडा पानी वितरित कर गर्मी से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। इस सेवा कार्य के माध्यम से लोगों को पर्याप्त पानी पीने, शरीर को हाइड्रेट रखने तथा लू से बचने के उपायों की जानकारी दी गई। एक गिलास पानी, एक नेक कहानी – गर्मी से बचाव, स्वस्थ जीवन की निशानी मोटो को लेकर चल रहे एनजीओ के कार्यों की नगर पंचायत आमदी के नगर वासियों ने सहराना कर रहे हैं। इस कार्य में हरेंद्र पटेल, टेकराम साहू, दिलेश साहू, टामन निर्मलकर, योगेंद्र सार्वा, लोकेश साहू, थानेद्र साहू, मोक्ष साहू, तुषार पटेल सहित नगर वासी शामिल हैं।

### सांकरा में पानी टैंकर की सुविधा शुरू



**धमतरी।** ग्राम पंचायत सांकरा में लंबे समय से चल रही पेयजल समस्या को देखते हुए ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। गांव में अब ट्रैक्टर चलित पानी टैंकर की व्यवस्था की गई है, जिससे हर घर तक पेयजल पहुंचाने में सुविधा होगी। यह पहल जिला पंचायत सदस्य धनेश्वरी साहू द्वारा जिला पंचायत निधि से की गई है। टैंकर उपलब्ध होने से ग्रामीणों को गर्मी के मौसम में पानी की समस्या से काफी हद तक राहत मिलने की उम्मीद है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य धनेश्वरी साहू ने की। विशेष अतिथि सरपंच उदयराम साहू, जनपद सदस्य दिलीप सेन, मंडल अध्यक्ष मिश्री पटेल, पूर्व जनपद सदस्य पूर्णिमा बनपेला, उपसरपंच तुलसीराम साहू, सचिव कमल सिंह नेताम थे। अतिथियों ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल जैसी मूलभूत समस्याओं के समाधान की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। ग्रामीणों ने इस पहल के लिए आभार व्यक्त किया।

### डाक बंगला वार्ड में महापौर का जनसंपर्क गरीब परिवारों का बांटा दुख-दर्द



**धमतरी।** नगर पालिक निगम धमतरी के महापौर जगदीश रामू रोहरा ने आज सुबह डाक बंगला वार्ड में सघन वार्ड भ्रमण कर आम जनता से आत्मीय मुलाकात की। इस दौरान महापौर श्री रोहरा गरीब परिवारों की झोपड़ियों में पहुंचे, उनके बीच बैठकर चाय पी और आत्मीयता के साथ उनकी समस्याओं एवं भावनाओं को सुना। महापौर का यह सरल, सहज और जनसेवा से जुड़ा व्यवहार लोगों के बीच चर्चा का विषय बना रहा। वार्ड भ्रमण के दौरान स्थानीय नागरिकों ने महापौर के प्रति अपना प्रेम, विश्वास और सम्मान खुलकर व्यक्त किया। महापौर श्री रामू रोहरा ने कहा कि जनता की समस्याओं को समझने के लिए जनता के बीच जाना सबसे जरूरी है और नगर निगम का उद्देश्य हर वर्ग के लोगों तक पहुंचकर उनकी आवश्यकताओं को पूरा करना है। इस अवसर पर पार्षद संतोष सोनकर एवं पार्षद संजय देवांगन भी उपस्थित रहे। उन्होंने भी वार्डवासियों से चर्चा कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली तथा संबंधित विषयों के शीघ्र निराकरण का भरोसा दिलाया। महापौर रामू रोहरा का यह जनसंपर्क अभियान आम जनता के बीच विशेष चर्चा का विषय बना हुआ है।

# तिरगा आबादी पारा के अंधा मोड़ पर लगा संकेतक, जताया आभार

## ग्रामीणों ने खबर प्रकाशित होने के बाद त्वरित कार्रवाई पर विभाग की सराहना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अण्डा

खबर का असर

ग्राम तिरगा आबादी पारा में स्थित खतरनाक अंधा मोड़ पर लगातार हो रहे सड़क हादसों और ग्रामीणों की चिंता को लेकर प्रकाशित खबर का असर देखने को मिला। आखिरकार संबंधित विभाग द्वारा मोड़ पर चेतावनी बोर्ड लगा दिया गया है, जिससे अब राहगीरों और वाहन चालकों को सावधानी बरतने की जानकारी मिल सकेगी। बताया जा रहा है कि इस अंधा मोड़ पर आए दिन छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं हो रही थीं। मोड़ बेहद संकरा और सामने से आने वाले वाहनों का अंदाजा नहीं लग पाने के कारण ग्रामीण लंबे समय से यहां सुरक्षा व्यवस्था की मांग कर रहे थे। स्थानीय लोगों ने कई बार चिंता जताई थी कि यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाया गया तो बड़ा हादसा हो सकता है। मामले को प्रमुखता से उठाए जाने के बाद प्रशासन और संबंधित विभाग हरकत में आया तथा मौके पर चेतावनी बोर्ड स्थापित किया गया। बोर्ड लगने के बाद ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। लोगों का कहना है कि इससे वाहन चालकों को पहले से सतर्कता मिलेगी और दुर्घटनाओं में कमी आने की उम्मीद है। ग्रामीणों ने खबर प्रकाशित होने के बाद त्वरित कार्रवाई के लिए संबंधित विभाग का आभार जताया है। वहीं लोगों ने मांग की है कि भविष्य में यहां स्पीड ब्रेकर और अतिरिक्त सुरक्षा संकेतक भी लगाए जाएं, ताकि सड़क पूरी तरह सुरक्षित बन सके।






## खबर संक्षेप

### नवोदय विद्यालय में चयनित होकर आरुष ने बढ़ाया विद्यालय का गौरव

**डौंडीलोहारा।** आनंद पब्लिक स्कूल डौंडी लोहारा के लिए गौरव का विषय है कि विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थी आरुष जगनायक ने नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। आरुष जगनायक, पिता अनिल कुमार जगनायक, की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार एवं पालकों में हर्ष का वातावरण है। आरुष ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के शिक्षकों, माता-पिता के सहयोग तथा उचित मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने कहा कि आनंद पब्लिक स्कूल में अध्ययन कर उन्हें हर प्रकार की शैक्षणिक संतुष्टि एवं बेहतर वातावरण प्राप्त हुआ, जिसने इस सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यालय समिति परिवार, पालक समिति परिवार, विद्यालय परिवार, स्कूल के प्रबंधक, प्राचार्य एवं प्रधानाचार्य ने आरुष को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय परिवार ने इसे पूरे संस्थान के लिए गर्व का क्षण बताया।



### कचरा अलग-अलग न करने पर लगेगा जुर्माना

**बालोद।** सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार भारत सरकार द्वारा लागू किए गए सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स 2026 देश में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। नए नियमों के तहत घरों, संस्थानों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों एवं सरकारी कार्यालयों में कचरे का स्त्रोत स्तर पर पृथक्करण अनिवार्य किया गया है। अब गीला, सूखा, सैनिटरी एवं विशेष देखभाल वाले कचरे को अलग–अलग रखना आवश्यक होगा। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चन्द्रवंशी बालोद ने बताया कि नए नियमों में पॉल्यूटर पेय प्रिंसिपल को भी शामिल किया गया है। जिसके तहत नियमों का पालन नहीं करने वालों पर पर्यावरण क्षतिपूर्ति एवं दंड का प्रावधान किया गया है। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 में ग्राम स्तर पर सरपंच एवं अन्य जन प्रतिनिधियों की भूमिका भी स्पष्ट की गयी है। एसडब्ल्यूएम 2026 केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सहभागिता से ही सफल हो सकते हैं। यदि प्रत्येक परिवार एवं संस्था घर से ही कचरे का सही पृथक्करण प्रारंभ करे, तो शहरों एवं गांवों में स्वच्छता व्यवस्था मजबूत होगी, प्रदूषण कम होगा तथा बीमारियों पर नियंत्रण संभव होगा। प्रशासन द्वारा नियमित रूप से ठोस अपशिष्ट नियम 2026 के प्रचार–प्रसार हेतु जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। स्वच्छ पर्यावरण एवं आने वाली पीढ़ियों के बेहतर भविष्य के लिए एसडब्ल्यूएम 2026 का पालन समय की आवश्यकता है। स्वच्छता को जनआंदोलन बनाकर ही स्वच्छ भारत के लक्ष्य को सफल बनाया जा सकता है।

### गूगल अपडेट का मैसेज खोलते ही खाते से 2 लाख पार

**भिलाई।** मोहन नगर थाना क्षेत्र के साइबर ठगी का मामला सामने आया है, जिसमें मोबाइल पर आए गूगल अपडेट मैसेज को खोलते ही बैंक खाते करीब 2 लाख रुपए पार हो गया। पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शंकर नगर दुर्ग निवासी ठेकेदारी का काम करने वाले महेन्द्र कुमार देशलहरा ने बताया कि 22 मई को मोबाइल पर गूगल अपडेट का मैसेज आया। क्लिक करने पर मोबाइल हैक हो गया। कुछ देर बाद दोबार चालू करने पर मोबाइल हैक हो गया।

### अध्यात्म : अलग-अलग जिले से पहुंचे 100 से अधिक प्रतिभागी

# गायत्री शक्तिपीठ में पांच दिवसीय निःशुल्क आवासीय युवा शिविर शुरू, 31 तक चलेगा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

पांच दिवसीय निःशुल्क आवासीय युवा शिविर 27 से 31 मई तक गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ बालोद के तत्वावधान में गायत्री शक्तिपीठ बालोद में आयोजित किया गया है। इस विशेष शिविर का शुभारंभ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर एवं डीएफओ अभिशेष अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गायत्री परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत गायत्री मंत्र एवं वैदिक मंत्रेच्चार के साथ हुई, जिससे पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो उठा। अतिथियों का स्वागत तिलक, पुष्पगुच्छ एवं साहित्य भेंट कर किया गया।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर ने कहा कि आज के दौर में युवाओं को केवल डिग्री नहीं, बल्कि अनुशासन, नैतिकता, सकारात्मक सोच और नशामुक्त जीवन की आवश्यकता है। यदि युवा अपनी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाएं, तो वे समाज और राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभा सकते हैं। वहीं डीएफओ अभिशेष अग्रवाल ने पर्यावरणीय संरक्षण और सामाजिक उत्तरदायित्व पर जोर देते हुए युवाओं से प्रकृति बचाने और समाज सेवा में आगे आने की अपील की। गायत्री शक्तिपीठ के जिला संयोजक ने बताया कि 15 से 35 वर्ष आयु वर्ग के युवक–युवतियों के लिए आयोजित यह शिविर पूर्णतः निःशुल्क है। शिविर में भोजन, आवास एवं प्रशिक्षण की सपूर्ण व्यवस्था गायत्री परिवार द्वारा की गई है। बालोद सहित राजिम गरियाबंद, धमतरी ओर रायपुर जिले से भी प्रतिभागी पहुंचे हैं। शिविर में लगभग 100 युवक–युवतियां भाग ले रहे हैं। शिविर का उद्देश्य युवाओं में व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, राष्ट्र चेतना एवं नैतिक मूल्यों का विकास करना है। शिविर में योग, प्राणायाम, ध्यान, गायत्री साधना, समय प्रबंधन, स्मरण स्मरण शक्ति विकास, तनाव। नाव नियंत्रण, नशा मुक्ति, चरित्र निर्माण और स्वावलंबन जैसे विषयों पर अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए विशेष प्रेरक एवं मार्गदर्शन सत्र भी आयोजित किए जा रहे हैं। शिविर में शातिकुंज हरिद्वार से आए प्रतिनिधि कुलदीप कृष्ण भारती, हेमलता साहू, भेमेश्वरी साहू, खुमन साहू, खुशबू धुरव एवं गंगा कश्यप युवाओं को जीवन प्रबंधन, संस्कार निर्माण एवं आध्यात्मिक जीवन शैली पर प्रेरक मार्गदर्शन दे रहे हैं।





कार्यक्रम में ब्लॉक समन्वयक लोचन साहू, सह समन्वयक मान सिंह साहू, ट्रस्टी हेमवती सिहारे, शकर लाल साहू, टीआर साहू, हेमलाल साहू, युगल साहू, वृंदा साहू, कांति साहू नूतन साहू, मोहन साहू, मुकेश साहू, विनोद साहू, दिलीप पटेल, भूमिन पटेल रोशन साहू एवं कमल साव सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भाजपा की रीति-नीति संगठनात्मक गतिविधियों और आगामी कार्यक्रमों को लेकर बैठक



हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुण्डरदेही

■ मंडल के शक्ति केंद्र प्रभारी, संयोजक एवं सहसंयोजकों

भारतीय जनता पार्टी मंडल द्वारा शक्ति केंद्र प्रभारी, संयोजक एवं सहसंयोजकों की मासिक बैठक का आयोजन भाजपा कार्यालय में किया गया था। बैठक में पार्टी की रीति–नीति, संगठनात्मक गतिविधियों एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं को संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने एवं जनसंपर्क बढ़ाने हेतु दिशा–निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा, नेम सिंह एवं यशवंत जैन की भाभी जी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। बैठक में संगठन को और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं ने मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया गया।

**इनकी रही उपस्थितिः** बैठक में विशेष रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, उपाध्यक्ष विजय सोनकर, मंडल अध्यक्ष युवराज मारकंडे, टोमन साहू, शैल महोबिया, कोषाध्यक्ष छगन सोनकर, नेतराम साहू, मंत्री नविता साहू सहित सभी 13 शक्ति केंद्रों के संयोजक, सहसंयोजक एवं बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हल्दी सोसायटी में 500 बोरी राखड़ का स्टॉक ब्लॉक



हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुण्डरदेही

■ रेट तय नहीं होने का बहाना बना किसानों को दौड़ा रहे अधिकारी, अध्यक्ष ने लगाए गंभीर आरोप

इस वर्ष भी सरकार खरीफ फसल के लिए सभी किसानों को एकड़ हिसाब से सहकारी समिति में खाद का स्टाक उपलब्ध कराया गया है और किसानों को समिति द्वारा खाद वितरण भी शुरु कर दी गई है, ताकि किसानों को समय पर खाद मिल सके। सरकार ने खाद की रेट भी तय की है।

वहीं सेवा सहकारी समिति हल्दी पंजीयन क्रमांक 1188 मे पसौद हल्दी सिर्राभांठा व ढाबाड़ीह के किसान शुक्रवार को हल्दी सोसायटी में खाद लेने आए थे, जहां सोसायटी में राखड़ 500 बोरी स्टाक है। उसके बाद भी किसान को राखड़ नहीं दिया जा रहा है, जिससे किसान काफी नाराज है, किसानों की समस्या को लेकर सोसायटी अध्यक्ष हरदेव लाल सार्वा ने समिति के कर्मचारियों से पुछा तो बताया की डी वन नम्बर नहीं आया है। क्या रेट में बेचना है मालुम नहीं है। इसलिए अभी वितरण नहीं कर रहे हैं। इधर जिला विपणन अधिकारी से सोसायटी अध्यक्ष हरदेव लाल सार्वा ने फोन के माध्यम से संपर्क करने पर कहा कि हमें रेट के बारे में मालुम नहीं है।

सार्वा ने कहा कि अधिकारी द्वारा किसान व जनप्रतिनिधिगण को गुमराह कर रहे हैं। हरदेव लाल सार्वा ने कहा कि जब सोसायटी में पांच सौ बोरी राखड खाद उपलब्ध है, तो किसानों को वितरण किया जाना था। किसान रोज राखड़ खाद के नाम से सोसायटी का चक्कर लगा रहे हैं। सार्वा ने कहा कि जिला विपणन अधिकारी का जनप्रतिनिधिगण के प्रति बर्ताव ठीक नहीं इस तरह के अधिकारी शासन को बदनाम करने में लगे हुए हैं। जिला डीएमओ ने कहा कि मैं अभी एक हफ्ते से छुट्टी में हूं पुछकर बताता हूं। समिति प्रबंधक लाखेद्र सिन्हा ने कहा कि कंपनी से रेट नहीं आया है, जैसे ही रेट आएगा हम किसानों को वितरण कर देंगे।

# नगर में चुप्पी तोड़ो, खुलकर बोलो की गूंज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

■ मनाया गया जिला स्तरीय मासिक धर्म स्वच्छता दिवस, रूढ़िवादिता तोड़ने की अनूठी पहल

नगर में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ बालोद एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में मासिक धर्म स्वच्छता दिवस मनाया गया। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ एवं जिला मुख्य आयुक्त राकेश यादव के मार्गदर्शन में साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका तिवारी, जिला सचिव केएल गजेन्द्र साथ ही डीओसी द्वय नेमसिंह साहू, प्रेमलता चंद्राकर के दिशा निर्देशन में डौंडी में जिला स्तरीय मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर जागरूकता रैली, संगोष्ठी और नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया गया,जिसमें मासिक धर्म क्या होता है एवं इसमें व्यक्तिगत स्वच्छता का क्या महत्व है चुप्पी तोड़ो खुलकर बोलो पीरियड पर खुलकर, बात करने प्रोत्साहित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों में जागरूकता फैलाना तथा मासिक धर्म में केवल महिलाएं प्रभावित होती हैं इस मिथक को तोड़ना है यदि पुरुष वर्ग भी जागरूक होंगे तो निश्चित ही समाज में वे व्यक्तिगत रूप से महिलाओं के प्रति संवेदनशील होंगे क्योंकि प्रत्येक घरों में मां, बहन और बेटी के रूप में महिलाएं रहती हैं तथा मासिक धर्म वाले दिनों में शारीरिक एवं मानसिक कष्ट सहना पड़ता है यदि पुरुष जागृत होते हैं तो एक सकारात्मक माहौल बन पाएगा तथा महिलाओं को असहज होने से मुक्ति मिल पाएगी।





माहवारी स्वच्छता प्रबंधन दिवस का मुख्य उद्देश्य मासिक धर्म से जुड़ी वर्जनाओं और रूढ़िवादी सोच को दूर करना है। इसका लक्ष्य किशोरियों व महिलाओं को सुरक्षित, स्वच्छ और सम्मानजनक माहवारी के प्रति जागरूक करना है। समाज में मासिक धर्म से जुड़ी झिझक व भ्रांतियों जैसे – अछूत मानना या रसोई में न जाने देना पर खुलकर बातचीत की जाती है। इस दौरान कौन सी सावधानी बरती जानी चाहिए यह बातें तनुजा बंजारे गाइड कैप्टन द्वारा बताई गई। साथ ही नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मासिक धर्म शर्म की बात नहीं बल्कि नारी का सम्मान है का संदेश दिया गया। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला संघ बालोद एवं यूनिसेफ के साझा सहयोग से यह कार्य लगातार जारी है, जिसमें दीवार लेखन, पोस्टर निर्माण, सम्मान सूत्र बांधना, संगोष्ठी, स्लोगन, जागरूकता रैली सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है, इस अवसर पर तनुजा बंजारे, अन्नपूर्णा धुरव, ज्योति विश्वकर्मा, बलेश्वरी कलिहारी संजय बंजारे, रमेश नायक सहित बड़ी संख्या शिक्षक, स्काउट, गाइड, रोवर रेंजर उपस्थित थे। इस पर आगामी जून के महीने में भी सभी ब्लॉकों में जागरूकता पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस कार्यक्रम के आयोजन पर जिला संघ बालोद के सभी पदाधिकारियों एवं स्काउटर गाइडर ने हर्ष व्यक्त किया है।

# भाजपा ने बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करने और सरकारी योजनाओं को घर-घर पहुंचाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा

■ भंवरमरा में भाजपा मंडल के प्रमुख पदाधिकारियों व शक्ति केंद्र प्रभारियों की बैठक में लिया निर्णय

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने के उद्देश्य से रेंगाडबरी भाजपा मंडल के प्रमुख पदाधिकारियों एवं शक्ति केंद्र प्रभारियों की बैठक गुरुवार को शक्ति केंद्र भंवरमरा स्थित आदिवासी भवन प्रांगण में आयोजित की गई। बैठक में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य एवं रेंगाडबरी भाजपा मंडल प्रभारी देवेन्द्र जायसवाल ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर जोर देते हुए उपस्थित पदाधिकारियों को आवश्यक मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी संगठन के निर्देशानुसार प्रत्येक माह जिला, मंडल, शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर पर नियमित बैठकें आयोजित की जा रही हैं, जिससे संगठनात्मक गतिविधियों में मजबूती आएगी और केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाया जा सकेगा। बैठक में मंडल के सभी 13 शक्ति केंद्रों में आगामी दो दिनों के भीतर बैठक आयोजित करने हेतु शक्ति केंद्रवार अतिथियों की जिम्मेदारी तय की गई। भीमपुरी में विजय कुमार पटेल, रेंगाडबरी एवं जुन्नापानी में पूर्व मंडल अध्यक्ष रूपेश सिन्हा, करेंगाव में मंडल महामंत्री पूनमचंद जैन, मंगचुवा में मंडल अध्यक्ष उत्तरा घनेंद्र, कमकापार में डोमार साहू, बड़ा जुगेरा एवं कोडेकसा में ठोमन टेकाम, केरी जुगेरा में पूर्व मंडल महामंत्री दारा सिंह भौसार्य, खोलझर में मंडल महामंत्री जगतपाल सिन्हा, सहगांव में महावीर साहू तथा उरेटा में हेमचंद धनकर अतिथि के रूप में शामिल होंगे।



बैठक में विशेष रूप से मंडल अध्यक्ष उत्तरा घरेंद्र, पूर्व मंडल अध्यक्ष रूपेश सिन्हा, पूर्व मंडल महामंत्री दारा सिंह भौसार्य, निरंजन पटौदी, ठोमन टेकाम, विजय पटेल, डोमार साहू सहित डौंडी लोहारा मंडल मंत्री धर्मेंद्र निषाद उपस्थित रहे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

